तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जुलाई 2024



10 सड़क पर मवेशियों से हादसा हुआ तो तय होगी जवाबदेही...



12 टाउन हॉल में लगा जन समस्या निवारण शिविर



## खबर संक्षेप

### पेपर बंडल की चोरी थाने की शिकायत

**लाटाबोड़।** विकासखंड गुंडरदेही अंतर्गत ग्राम पसौद निवासी असवन कुमार साहू ने हरिभूमि पेपर बंडल चोरी होने की शिकायत बालोद थाना प्रभारी से की है। असवन साहू ने बताया कि रविवार 28 जुलाई को साहू न्यूज एजेंसी लाटाबोड़ के नाम से हरिभूमि की प्रतियों को सुबह किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। उन्होंने कहा है कि इसके कारण मैं आज अपने क्षेत्र में पेपर का वितरण नहीं कर पाया। उन्होंने शिकायत में बताया है कि इससे पहले भी ऐसी घटना 11 जुलाई 2023 को हो चुकी है। उन्होंने थाना प्रभारी से अज्ञात चोर के खिलाफ उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### तांदुला जलाशय में मिला नीलगाय का शव

**बालोद।** जिले के बालोद वन परिक्षेत्र क्रमांक आरएफ 67 अंतर्गत स्थित तांदुला जलाशय के पानी में एक 5 वर्षीय मादा नीलगाय मृत अवस्था में मिली, जिन्हें वन विभाग द्वारा बाहर निकाल डॉक्टरों से पोस्टमार्टम करवाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पोस्टमार्टम में मादा नील गाय के तीन माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। आशंका जताई जा रही है कि नील गाय की मौत पानी में डूबने के कारण हुई होगी। वहीं, नील गाय का शव तांदुला जलाशय मछली पालन केंद्र के पास में मिलना जांच का विषय है। आशंका जताई जा रही है कि उसके शिकार के प्रयास के दौरान वह जान बचाने के लिए जलाशय की गहराई में गई होगी और पानी में डूबने से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे डॉक्टरों की टीम ने बताया कि नील गाय के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं और पानी में डूबने से मौत हुई है। नील गाय का शव दो दिन पुराना माना जा रहा है। रेंजर रामनाथ टेकाम ने बताया कि तांदुला जलाशय में केज के पास नील गाय का शव पानी में मिला। वन विभाग की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### कांवड यात्रा में डांस करने को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद** । रविवार को कांवड यात्रा कार्यक्रम में डीजे में डांस करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के बाद ग्राम पापरा थाना सुरेगांव निवासी भोलेश देशमुख ने ग्राम कुरदी निवासी सिद्धु चंद्राकर पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गुण्डरदेही थाना में शिकायत की है। भोलेश ने बताया कि 28 जुलाई रविवार को अपने भाई गोपाल देशमुख के साथ कावड़ यात्र कार्यक्रम देखने ग्राम कमरौद गया था। कांवड़ यात्रा में आस पास के गांव से अलग अलग डीजे बज रहा था। वहीं हमारे गांव से भी एक डीजे गया था, जो कमरौद चौक से हनुमान मंदिर के मध्य मेनरोड में बजा रहे थे, जिसके पास मैं एवं भाई हम दोनों पैदल जा रहे थे कि रास्ते में एक और डीजे भी बज रहा था जिसे पार होकर हम लोग जाने लगे, उसी समय ग्राम कुरदी के रहने वाले सिद्धू चंद्राकर ने मुझे कहा कि पिन्टु डीजे तरफ मत जाओ कहकर गाली गलौज कर धमकी देते हुये मारपीट की। उसके बाद पास में रखे शराब की कांच वाली बोतल से मेरे माथे पर मारा। इस बीच मेरा भाई गोपाल देशमुख बीच बचाव करने लगा, तो उसे भी गाली गलौज कर धमकी देते हुए मारपीट की।

## कार्रवाई

### होटल-ढाबों की जांच में निकले खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अफसर

# अधिकारियों ने नष्ट करवाया 6 किलो मिल्क केक व 2 किलो चाट मसाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले के होटल, गुपचुप कार्नर, मिष्ठान भण्डार, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे प्रतिष्ठानों के किचन, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता का निरीक्षण किया जा रहा है। इस माह जनजागरूकता अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से नवागढ़ स्थित विभिन्न फर्मों का निरीक्षण कर 54 नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं, मौके पर की गई प्राथमिक जांच कर में 51 नमूने मानक एवं 3 अमानक पाए गए। दिलीप मिष्ठान भण्डार नवागढ़ से अमानक पाए गए 6 किग्रा मिल्क केक को तथा अखाद्य रंग से बने चाट मसाला 2 किग्रा को गुपचुप सेंटर से मौके पर नष्ट किया गया। वहीं, गुणवत्ता में आशंका के आधार पर पनीर लूज एवं पेड़ा लूज का नमूना लिया गया है।

■ विभिन्न फर्मो का निरीक्षण कर जांच के लिए लिए गए 54 नमूने



इसी क्रम में बेमेतरा में नया बस स्टैण्ड स्थित फुट मार्केट में संचालित फर्म सरजू फुट भण्डार, राजपाल फल भण्डार, जीकेएस फुट मर्चेंट, चन्द्रशेखर फुट मचेंट, संजय सब्जी मार्केट का जांच कर विभिन्न फल जैसे अनासपत्ती, अनार, आलू बुखारा, जाम, शीमला सेव के पांच नमूनों तथा सब्जियों में कुंदरू, आलू, हरी मिर्च, प्याज के चार नमूनों में पेस्टीसाइड की मात्रा की जांच के लिए नमूना लेकर लैब भेजा गया है।

#### इन पर लगा जुर्माना

अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों पान मसाला, चना बेसन, मिथ्याछाप बेकरी प्रोडक्ट, अवमानक चिली पाउडर, चायपत्ती एवं मिथ्याछाप पोहा इत्यादि के विक्रेता तथा निर्माता फर्म को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल एक लाख पच्चीस हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वहीं, बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाए जाने पर बेरला ब्लॉक स्थित फर्म श्री राधेमणी कोल्ड स्टोरेज, ग्राम हरदी को न्यायालय द्वारा 50,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जांच में अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों के प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत कर दण्डित कराया जा रहा है। उक्त निरीक्ष व जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे एवं कमल प्रसाद द्वारा किया जा रहा है।

## अंग्रेजी की बारीकियां को भी सीखना बहुत जरूरी: चंद्रकान्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में चल रहे विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश की पाँच दिवसीय कार्यशाला का द्वितीय चरण बीआरसी भवन साजा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें डीआरजी बबीता दास, अपर्णा शर्मा एवं अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से प्राची ध्रुवे उपस्थित रहे। इसमें प्रथम दिवस 33 शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। प्रथम दिवस बीआरपी सीडब्ल्यूएसएन चंद्रकांत वर्मा ने स्पोकन इंग्लिश के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ी, हिन्दी के साथ हमें अंग्रेजी की बारीकियों को भी सीखना भी अनिवार्य है। यदि हम अंग्रेजी की नींव को मजबूत कर लें, हमारे बोल चाल की भाषा में अंग्रेजी को शामिल कर लें, तभी हम सरलता से गतिविधियों के माध्यम से अपने छात्रों तक अंग्रेजी पहुँचा सकते हैं और तभी हमारा स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण सार्थक होगा।

■ साजा में हो रही स्पोकन इंग्लिश की 5 दिवसीय कार्यशाला

29 जुलाई से 02 अगस्त तक चलने वाले कार्यशाला के प्रथम दिवस में डीआरजी अपर्णा शर्मा एवं बबीता दास ने कक्षा को संख्यावार समूह में बाँटकर गतिविधियाँ कराईं। यह ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कुसमी अब ग्राम नहीं, नगर पंचायत

## छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित हुई अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आखिरकार कई सालों के इंतजार के बाद ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना जारी हो ही गई। छत्तीसगढ़ राजपत्र में इसकी अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। इस खबर से कुसमी क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

साथ ही स्थानीन लोगों ने इस दौरान जमकर आतिशबाजी करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। सोमवार को राज्यपाल कार्यालय की ओर से संयुक्त सचिव रेणुका श्रीवास्तव ने कुसमी को नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी। उसके बाद कुसमी के लोगो में जश्न का माहौल है। वहीं, ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामवाशियों ने विधायक कार्यलय पहुंचकर विधायक दीपेश साहू को मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर संतोष कुमार साहू, बृजमोहन साहू,दानीराम साहू,मोहित साहू, देवेंद्र साहू, माधव प्रसाद,अनिल पाटकर,रवि प्रकाश साहू, यशवंत वर्मा मण्डल अध्यक्ष,पोषण वर्मा महामंत्री, होरी लाल सिन्हा प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रेवा राम निषाद जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, थान सिंह साहू,नरसिंह साहू नंदकिशोर साहू, गणेशाराम, मोहन डेहरे, दीपक यादव, अमर सिंग, कैलाश साहू, रोहित साहू, मोहन जाँगड़े उपस्थित रहे।



### नगर पंचायत बनने से अन्य गावों को भी मिलेगा लाभ : दीपेश

विधायक दीपेश साहू मीडिया से बात करते हुए सर्वप्रथम क्षेत्रवासियों को कुसमी को नगर पंचायत की दर्जा मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कुसमी को नगर पंचायत बनाये जाने से क्षेत्र के अन्य गावों को भी फायदा होगा। श्री साहू ने कहा कि नगर पंचायत में कई प्रकार की सुविधाएं होती हैं। शासन की ओर से हर साल करोड़ों रूपये का विशेष बजट मिलेगा। नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड, बड़े सामुदायिक भवन समेत अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इसका लाभ नगर पंचायत के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य गांव के लोग भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार होने के कारण मुख्यमंत्री श्री साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षेत्रवासियों के अनुरोध को सुना और कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा दिया। इसके लिए मैं क्षेत्र की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं।



## स्वामी आत्मानंद विद्यालय मारो में हुआ उल्लास कार्यक्रम

**मारो।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय मारो में शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार उल्लास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करने की तथा साक्षरता अभियान को गति देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्या सरिता गुप्ता, व्याख्याता छेदु सिंह ठाकुर, पालन सिंह क्षत्रिय, निषाद सर, त्रिपाठी सर, परमार सर एवं हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। छात्रों एवं शिक्षकों को शपथ ग्रहण कराया गया, वहीं प्राचार्या ने सभी को इस संकल्प को पूरा करने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबकी साक्षरता हमारा दायित्व है, क्योंकि हमारा यह कार्य ही समाज और राष्ट्र के विकास को गति देगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 अगस्त तक

**बेमेतरा।** जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रतिवर्ष भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष उक्त सम्मान के लिए आवेदन 31 अगस्त 2024 तक केवल ऑनलाईन माध्यम से लिये जाएंगे। इसके लिए बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा एवं संस्कृति और नवाचार के लिए यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिये जाता है। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। आवेदन के लिए पोर्टल 1 अप्रैल 2024 को लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से अधिक नहीं है, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है।

# 8 केंद्रों में हुई 10वीं की गणित की पूरक सह अवसर परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा हाईस्कूल परीक्षा 2024 के तहत 29 जुलाई को विषय गणित की पूरक सह अवसर परीक्षा आयोजित की गई। जिले के कुल 8 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 2528 में से 2405 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 123 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। नरेन्द्र वर्मा डीएमसी द्वारा परीक्षा केन्द्र बालक बेमेतरा, सेजेस हिन्दी माध्यम बेमेतरा का निरीक्षण किया गया है। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है।




## 1/2 सत्रीय (सत्र 2024-2025) पाठ्यक्रमों हेतु विशेष प्रकाशन

### राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा प्रमाणित विभिन्न-मेडिकल/ नर्सिंग/ पैरामेडिकल के डिप्लोमा एवं पोस्ट डिप्लोमा कोर्सेस में चयन हेतु

| आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2024 | कुल सीटें प्रति केन्द्र/30 सीट/प्रति कोर्स | हॉस्टल सुविधा उपलब्ध | शिक्षा लोन उपलब्ध (विद्या कौशल द्वारा)* |
|---|---|---|---|

### पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मा

| | | | |
|---|---|---|---|
| MPHW पोस्टडिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन | डिप्लोमा इन डाइलिसिस टेक्निक्स | पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक |
| पोस्ट डिप्लोमा इन हॉस्पिटल मेनेजमेंट | नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया टेक्निकस | वार्डबॉय |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंट | हेल्थ इंस्पेक्टर/ड्रेसर | डिप्लोमा इन यूनानी थैरेपी असिस्टेंट | डिप्लोमा इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन |
| डिप्लोमा एनेस्थिसिया/डाइलिसिस मेडिकल इक्यूपमेंट टेक्निकस | पोस्ट डिप्लोमा इन ओ. टी. टेक्निकस | डिप्लोमा इन आयुर्वेद पंचकर्म | डिप्लोमा इन सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर |

### उपलब्ध एवं प्रस्तावित्* प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची

रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव*, महासमुन्द, सरायपाली, बलौदा बाजार *, धमतरी, जगदलपुर*, अम्बिकापुर, रायगढ़*, कोरबा, बेमेतरा

विद्यार्थी जिनकी परीक्षाओं के रिजल्ट / नतीजे न आए हों, वे भी आवेदन कर सकते हैं। काउंसलिंग के समय मार्कशीट / रिजल्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

विकलांग सैनिक स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवार हेतु निर्धारित सीट आरक्षित है!

नोटः- आवेदक निम्न दिये आवेदन पत्रों के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण अपने हाथो से भरें, साथ ही 25 रू. का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वंय का पता स्पष्ट लिखकर रजिस्ट्री द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें!

आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा! चयनित उम्मीदवार को कॉल लेटर द्वारा काउंसलिंग हेतु सूचित किया जावेगा!

आवेदन पत्र जमा करने कि अंतिम तिथि दिनांक 20 अगस्त 2024 तक!

प्रति
निदेशक
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ
राष्ट्रीय कौशल विकास निगम निवेश संस्थान
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर, (छ ग) पिन : 492010

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज कलर फोटो

महोदय,

.............................. पाठ्यक्रम का नाम में चयन हेतु मै अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं!

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता /पति का नाम..............................
3. जन्म तिथि अंकों में..............................
4. अनु. जाति जन जाति पिछड़ा वर्ग..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित.............. मो. न. 1..............2..............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात् प्रवेश लेना है..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

पैरामेडिकल क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों हेतु
SPOT COUNSELING & ADMISSION
Explore @ www.leelasgroup.com

विभिन्न जिलों/शहरों में पैरामेडिकल/मैनेजमेंट/आईटी कंप्यूटर/बैंकिंग फाइनेंस के सेक्टर में सेल्फस्पॉन्सर - कौशल केंद्र खोलने हेतु संपर्क करें: 8370077700, 8962555500

Maa Ad



## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## कत्लखाना ले जाए जा रहे 32 मवेशी छुड़ाए गए, 3 तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**बालोद।** थाना अर्जुन्दा क्षेत्र में पशु तस्करी के 3 आरोपियों को धारा 4, 6, 10, 11(1)घ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अर्जुन्दा क्षेत्र में 27 जुलाई को थाना क्षेत्र में गस्त पेट्रोलिंग के दौरान रात्रि करीबन 2:30 बजे सूचना मिली कि गुण्डरदेही से कमरौद होते हुए अर्जुंदा की ओर टाटा आईचर क्र. सीजी 49 एनयू 4280 में कुछ व्यक्तियों द्वारा ट्रक में मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र के कत्लखाना लेकर जा रहे हैं। सूचना पर वाहन की घेराबंदी कर 32 नग पशुओं के साथ 3 लोगों को पकड़ा गया। वाहन क्रमांक सीजी 49 एनयू 4280 को रोककर ड्राइवर सीट में बैठे नागपुर, टेकानाका दुर्गा माता मंदिर व मक्का मंजिस्द के पास थाना पांच पौली, जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी शेख समद पिता शेख जमीर उम्र 42 वर्ष व हेल्फर सीट में बैठे मिस्प्री थाना चिचगढ़, जिला गोंदिया, महाराष्ट्र निवासी वाहिद खान कुरैशी पिता नसरूद्दीन कुरैशी उम्र 21 साल, मिस्प्री वार्ड क्रमांक 2 थाना चिचगढ़ जिला गोंदिया, महाराष्ट्र निवासी गंगाराम परंदे पिता हीरालाल उम्र 35 साल को पकड़ा गया।

## खबर संक्षेप



### वक्ता मंच ने प्रदेश के 100 रचनाकारों का किया सम्मान

**रायपुर।** प्रदेश की साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा गुरु घासीदास अकादमी में विगत दिनों आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के 100 रचनाकारों को स्व. छत्रसिंह बच्छावत स्मृति साहित्यश्री सम्मान से विभूषित किया गया। 100 से अधिक रचनाकारों को मोमेंटो व सम्मान पत्र से अभिनंदित किया गया। इस अवसर पर राजधानी की प्रतिष्ठित लेखिका किरणलता वैद्य के बाल साहित्य पर केंद्रित 2 कविता संग्रह मुस्कान एवं मोनू मंकी का विमोचन भी किया गया। संगीत शिक्षक विनय बोपचे के निर्देशन में बाल कलाकारों द्वारा विमोचित हो रहे काव्य संग्रह की कविताओं पर आधारित गीतों व बाल नाटिका का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकराचार्य विवि भिलाई के पूर्व कुलपति डॉ. एलएस निगम, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल, केपी सक्सेना, टीके भोई, राजेश पराते, शुभम साहू, सुरेश शुक्ला एवं प्रदीप वैद्य आदि उपस्थित थे।

### आलोक बने संयोजक

**रायपुर।** इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉइज फेडरेशन की कमेटी ने दिल्ली में हुई अपनी बैठक में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर को इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉइज फेडरेशन छत्तीसगढ़ का संयोजक नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी प्रदेश के मुख्य सचिव अभिताभ जैन को भी पत्र के माध्यम से दी गई है।

### सरगुजा को मिले 15 चिकित्सा विशेषज्ञ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अनुशंसा पर सरगुजा संभाग में 15 चिकित्सा विशेषज्ञ की पोस्टिंग का आदेश जारी हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी आदेश में शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार पटेल को जिला अस्पताल जशपुर, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. ब्राडिना छाया नायक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी, एमडी मेडिसीन डॉ. पीयूष देवांगन को जिला अस्पताल, शल्यक्रिया विशेषज्ञ डॉ. शरद मनीष गरेवाल को जिला अस्पताल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार ध्रुव को जिला अस्पताल जशपुर पदस्थ किया गया है।

### चलती बस में आग फैक्ट्री कर्मियों ने कूदकर बचाई जान



**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में महिंद्रा उद्योग की बस में तिल्दा से रायपुर लौटने के दौरान आग लग गई। बस में सवार फैक्ट्री कर्मियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। बस में ड्राइवर के अलावा अन्य सात लोग सवार थे। आग लगने की वजह बस के इंजन में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने के पहले ही आग पूरी तरह से धू-धू कर जल चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, तिल्दा से रायपुर लौटने के दौरान तिरैया के पास बस के इंजन से आवाज आने के साथ धुंआ उठने लगा। ड्राइवर ने बस को रोककर इंजन की जांच की तो उसमें आग लग चुकी थी, जो तेजी से फैल रही थी। इसके बाद ड्राइवर ने बस में सवार फैक्ट्री कर्मियों को आग लगने की जानकारी दी। जानकारी मिलने तक आग बस को अपनी चपेट में ले चुकी थी। फैक्ट्री कर्मियों ने आनन-फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंचती, इसके पहले ही बस पूरी तरह से जल चुकी थी। बड़ा हादसा टला गौरतलब है कि जिस बस में आग लगी, उस बस में फैक्ट्री में काम करने वाले 30 से 35 कर्मी नियमित तिल्दा से रायपुर के बीच आवाजाही करते हैं। रविवार को अवकाश होने की वजह से बस में कर्मियों की संख्या कम थी, इसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। घटना सामान्य दिनों में होती तो गंभीर घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही है।

# सड़क पर मवेशियों से हादसा हुआ तो तय होगी जवाबदेही, फरमान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में सड़कों, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग पर मवेशियों की मौजूदगी की वजह से दुर्घटना होने पर संबंधितों पर पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में चूक मानी जाएगी और एकपक्षीय विभागीय अनुशासनत्मक कार्यवाही की जाएगी। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों को इससे अवगत कराया है। खास बात ये है कि एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद बिलासपुर हाईकोर्ट ने इसे लेकर आदेश पारित किया है। यही नहीं, इस मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने राज्य के मुख्य सचिव को भी निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को जारी पत्र में एक जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर यह बात कही है। इस मामले में अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय ने राज्य सरकार को जारी पत्र में कहा है कि पूरे राज्य के जिलों में जिला प्रशासन, नगर निगमों, और नगरपालिका परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों के अधिकारियों समेत सभी हितधारकों को सड़कों एवं राजमार्गों पर आवारा पशुओं के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करें।

## हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को जारी किए निर्देश, बारिश में सड़कों पर बैठ रहे मवेशी

### तय होगी जवाबदेही

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन निर्देशों के पालन के अभाव में आवारा पशुओं की मौजूदगी का कारण उत्पन्न दुर्घटना या घटना के लिए संबंधितों पर पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में चूक मानी जाएगी। इसके साथ ही एकपक्षीय विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह भी कहा गया है कि इस संबंध में बिलासपुर हाईकोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए कड़े कदम उठाए गए हैं, उससे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को अवगत कराया जाए।



### मवेशियों की वजह से कई हादसे

छत्तीसगढ़ में प्रायः यह देखने में आया है कि आवारा मवेशी बारिश के दिनों में सूखे स्थान की तलाश में सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। इन्हें वहां से हटाने के लिए कोई भी सरकारी अमला काम करता दिखता नहीं है। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बिलासपुर हाईकोर्ट में पेश की गई जनहित याचिका पर फैसले में इस बात का उल्लेख किया गया है। हाल ही में 7 जुलाई, 2024 को तिल्दा ब्लॉक के किरना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 15 गायों की मौत हो गई और 3 घायल हो गईं, साथ ही ग्रामीण घायल हो गए थे। मामले में याचिकाकर्ता के एक वकील ने प्रकाशित समाचार क्लीपिंग को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में पेश किया था। यह भी कहा गया कि सड़कों पर घूमने वाले जानवरों के साथ-साथ मनुष्यों की मृत्यु को रोकने के लिए हितधारकों द्वारा जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें अधिक प्रभावी नहीं पाया गया। उसी के मद्देनजर हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को पूरे राज्य के जिलों में सभी हितधारकों को आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करने का निर्देश दिए थे।

## नरैया तालाब में स्मार्ट सिटी ने 69 लाख खर्च कर बनवाई है रजक गुड़ी

# प्रदेश की पहली रजक गुड़ी ऐसी.... तालाब गंदा, कपड़ा सुखाने जगह कम

## छोटे कामगार भी गिनती के आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सिद्धार्थ चौक टिकरापारा में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 69 लाख की लागत से बनवाई गई प्रदेश की पहली रजक गुड़ी देखरेख के अभाव में बदतर हालत में है। तालाब की एक अरसे से सफाई नहीं कराने से जलकुंभी और जलीय कचरों की भरमार है, इससे रजक गुड़ी में कपड़ा धोने आने वालों को काफी परेशानी हो रही है। गुड़ी में कपड़े सुखाने के लिए जगह कम है, यहां हॉल में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित ठेकेदार से आधा दर्जन पंखे लगवाए, पर पंखे इतने छोटे हैं कि हॉल में हवा तक नहीं पहुंच रही। भुक्तभोगियों से सांसद बृजमोहन अग्रवाल से स्थल भ्रमण के दौरान इसकी शिकायत की है। यह भी बताया गया है कि इस गुड़ी में रोजना सिर्फ दस से 15 कामगार ही निस्तारी के लिए आ रहे हैं।

बूढ़ा तालाब से दानी स्कूल मार्ग पर पारंपरिक धोबीघाट में सालों तक शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से रजक समाज के लोग कपड़ा धुलाई करने और सुखाने आते रहे। 2 साल पहले नगर निगम द्वारा बूढ़ा तालाब सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान धोबीघाट को उजाड़ दिया गया। इससे सैकड़ों लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सिद्धार्थ चौक टिकरापारा के नरैया तालाब के समीप प्रदेश की पहली रजक गुड़ी, शहरी औद्योगिक पार्क बनाया गया, जिसमें स्मार्ट धोबीघाट के अलावा कपड़े धोने और सुखाने के लिए 4 अलग-अलग तरह की स्वचालित मशीनें लगाई गईं। 3500 वर्गफीट जगह में तैयार रजक गुड़ी में परंपरागत रूप से कपड़े धुलाई और प्रेस करने वाले रजक समाज को सुविधाएं मुहैया कराई गईं। यहां उनके लिए मैनुअल के साथ ही ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक वॉशिंग मशीन, 25-25 किलोग्राम की 2 कपड़े निचोड़ने वाली एक्सपेक्टर मशीन और 60 किलोमीटर क्षमता का एक वॉशर, 50 किलोमीटर क्षमता वाली वाली एक ड्रायर मशीन लगाई गई।




### प्रशिक्षण देने वाले दोबारा नहीं लौटे

रजक गुड़ी में प्रतिभागियों को कपड़े धोने के साबुन और डिटर्जेंट निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण देने बाहर से ट्रेनर बुलाए गए, पर शुरुआत में कुछ दिन प्रशिक्षण देने के बाद बाहर से आए ट्रेनर वापस चले गए, जो दोबारा लौटकर नहीं आए। इसकी शिकायत लोगों ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों से भी की, पर आज तक प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं बन पाई। जबकि रजक गुड़ी में आने वाले जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें कपड़े धोने के साबुन और डिटर्जेंट बनाने का निशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना रायपुर स्मार्ट सिटी ने बनाई थी, ताकि हितग्राही अपने बनाए उत्पाद बाजार में बेचकर स्वावलंबी बन सकें।

### प्लानिंग है, जल्द काम होगा

नरैया तालाब में रजक गुड़ी वाले हिस्से के तालाब की सफाई कराने की प्लानिंग है, इस पर जल्द काम शुरू होगा। पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

*- **पीके पंचायती,** जीएम टेक्नीकल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### संचालन समिति के अध्यक्ष नाराज

रजक गुड़ी शहरी औद्योगिक पार्क संचालन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम बुंदेला का कहना है, बूढ़ा तालाब के धोबीघाट को खत्म करने से हमारे पारंपरिक व्यवसाय पर बुरा प्रभाव पड़ा। रही-सही कसर कोरोनाकाल में लॉकडाउन ने पूरी कर दी। जैसे-तैसे कर हमें रजक गुड़ी बनाकर पारंपरिक व्यवसाय करने वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराई गई, पर तालाब में गंदगी की भरमार है। एक अरसे से सफाई नहीं कराई गई। हमने रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया, पर वे ध्यान नहीं दे रहे। हाल ही में सांसद बृजमोहन अग्रवाल को रजक गुड़ी विजिट के दौरान भी अपनी समस्या बताई। यहां पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। जबकि प्रोजेक्ट में वाटर एटीएम का जिक्र है। बोर में गंदा पानी आ रहा है, इस ओर ध्यान दिया जाए।

# 64 मवेशियों को भेजा गोठान, खम्हारडीह में डेयरी सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीम ने शहर के आवासीय क्षेत्रों में संचालित डेयरियों पर कार्रवाई कर पशुपालकों पर जुर्माना लगाया। लालपुर क्षेत्र में रामाधार साहू और हरि साहू की डेयरी पर गंदगी व प्रदूषण फैलाने पर 3500 रुपए जुर्माना किया गया। इसी तरह खम्हारडीह के रहवासी इलाके की एक डेयरी को सीलबंद किया गया और दर्जनभर गायों को काऊकैचर वाहन की मदद से निगम सीमा क्षेत्र से बाहर भेजा गया। शहर के प्रमुख मार्गों पर 64 मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान भेजा गया।

- लालपुर क्षेत्र में 2 डेयरी संचालक पर 3500 रुपए जुर्माना

राजधानी के प्रमुख मार्गों सहित आवासीय क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगर निगम जोन स्तर पर अभियान चला रहा है। रविवार को जोन-9 की टीम ने खम्हारडीह के रहवासी क्षेत्र में डेयरी बंद कर 12 गायों को काऊकैचर वाहन से निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कर दिया। अमलीडीह, लालपुर मार्ग से 10 आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा गया। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया, 12 जुलाई से अभियान चलाकर अब तक शहर की सड़कों से एक हजार आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा जा चुका है और पशुपालकों से 90 हजार रुपए जुर्माना 12 से 28 जुलाई तक वसूल किया जा चुका है।

### तालाब में भैंस डेयरी का गंदा पानी

माधवराव सप्रे वार्ड के विप्रनगर इलाके में निस्तारी तालाब में भैंस डेयरी का गंदा पानी आने से वहां के रहवासी बेहद परेशान हैं। भुक्तभोगियों ने जोन-8 कमिश्नर और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के पास इसकी शिकायत दर्ज कराई है, पर डेयरी संचालक पर निगम प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी तरह देवनगरी इलाके में जनशिकायत के बाद जोन-8 के तत्कालीन कमिश्नर ने रहवासी इलाके से डेयरी हटाने में तत्परता दिखाई, पर दो दिन बाद उसी जगह पर डेयरी संचालन दोबारा शुरू हो गया।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया अगस्त क्रांति का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 'लेकर रहिबो लेकर रहिबो, मोदी के गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी लेकर रहिबो' के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है। संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली निकालकर प्रदर्शन करेगा। मशाल रैली में फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं संभाग तथा जिला संयोजक, पदाधिकारी भाग लेंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय आंदोलन की घोषणा की है।

- 6 अगस्त से 27 सितंबर तक चार चरणों में होगा आंदोलन



### इन मुद्दों को लेकर आंदोलन

उन्होंने बताया कि भाजपा के घोषणापत्र अनुसार, प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी से महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किए जाने, प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

# ट्रेनों में जहरखुरानी का आदतन आरोपी अहमदाबाद एक्सप्रेस से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अहमदाबाद- हावड़ा एक्सप्रेस 12833 में जहरखुरानी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को आरपीएफ की विशेष टीम ने धर-दबोचा। घटना बीते 6 जुलाई को राजनांदगांव से दुर्ग के मध्य की है।

- आरपीएफ ने स्पेशल टीम बनाकर ट्रेन में धर-दबोचा

अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के कोच एस-4 की बर्थ संख्या 63 पर दिब्येश सक्सेना निवासी एबी-58 फ्लैट नंबर 7 सेक्टर- 1 साल्ट लेक सिटी कोलकाता पश्चिम बंगाल यात्रा कर रहे थे। वे बड़ोदरा से हावड़ा के लिए यात्रा कर रहे थे। उनका टिकट आरएसी था। उसी बर्थ पर आरएसी में मिली सीट पर एक और यात्री सफर कर रहा था, जिसने खाने की चीज में नशीली दवा मिलाकर उन्हें खिलाया और उनका बैग चोरी कर लिया।

### दिल्ली का रहने वाला है शातिर

टीम में निरीक्षक नंदबहादुर के अलावा प्रधान आरक्षक राजेंद्र रायकवार व आरक्षक नासिर खान शामिल थे। शुक्रवार को 04121 सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन में समय लगभग 11.15 बजे दबिश देकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना मनोज कुमार निवासी एन-28 बी-97 वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया अशोक विहार वजीरपुर -3, उत्तर पश्चिमी दिल्ली बताया। इसके बाद जब उसकी तलाशी ली गई तो हल्के गुलाबी रंग की 12 टेबलेट, घटना के लिए प्रयुक्त खाद्य पदार्थ बिस्किट, नमकीन, पेय पदार्थ व एक पीले रंग की स्टील की बाटल, जिस पर स्प्रे, एक पीले रंग का प्लास्टिक, दो मोबाइल, 2100 रुपए और यात्रा टिकट जब्त किया गया। जब्त टेबलेट के संबंध में उसने बताया कि इसका उपयोग वह यात्रियों को बेहोश करने के लिए करता है। पकड़े गए आरोपी को डोंगरगढ़ जीआरपी चौकी के सुपुर्द किया गया है।

# बारिश लेकर आई बीमारी, सर्दी-खांसी के साथ बुखार भी, ओपीडी में लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का मौसम अपने साथ मौसमी बीमारी की आफत लेकर आया है। पिछले तीन-चार दिनों में आंबेडकर और जिला अस्पताल की ओपीडी में मौसमी बीमारी से पीड़ितों की वजह से 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ज्यादातर सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या से पीड़ित हैं और कुछ को डायरिया जैसी शिकायतें भी हैं। बारिश के मौसम में विभिन्न तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर खानपान में होने वाली लापरवाही की वजह से लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंचते हैं। पिछले कुछ दिनों से राजधानी में भी इस तरह की समस्या बढ़ी हुई है, जिसका प्रभाव विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के साथ जिला और आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में नजर आ रहा है। लोग सर्दी-खांसी के साथ वायरल फीवर से पीड़ित होकर दो से तीन दिन बाद अस्पताल पहुंच रहे हैं। जांच के बाद लक्षण के आधार पर उन्हें दवा दी जा रही है। मरीजों को स्वस्थ होने में दो से तीन दिन का वक्त भी लग रहा है। सूत्रों के मुताबिक, आंबेडकर अस्पताल में सामान्यतः डेढ़ हजार और जिला अस्पताल में करीब पांच सौ की नियमित ओपीडी होती है। पिछले तीन-चार दिनों में इनमें दो से तीन सौ मरीजों का इजाफा हुआ है और जिनमें 80 फीसदी मरीज मेडिसिन विभाग से संबंधित हैं।

# नवा रायपुर शिफ्ट होंगे मंत्री नेताम, दयालदास भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मुख्यमंत्री और मंत्री निवास बनकर लगभग तैयार हो चुके हैं। मंत्री रामविचार नेताम 31 जुलाई को नवा रायपुर के सरकारी बंगले में गृहप्रवेश करेंगे। साथ ही नवा रायपुर में मंत्री बंगले में शिफ्टिंग शुरू हो जाएगी। संपदा विभाग ने यहां पर तीन मंत्रियों रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगला आवंटित किया है। श्री नेताम के यहां शिफ्ट होने के बाद मंत्री दयालदास बघेल ने नवा रायपुर में शिफ्टिंग की इच्छा जताई है। फिलहाल श्री नेताम मौलश्री विहार में अपने निजी आवास में रह रहे हैं।

- 2-2 एकड़ में बने हैं सभी मंत्रियों के बंगले

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री निवास बनकर तैयार है, इसके पास ही मंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्ष का बंगला भी तैयार किया गया है। कुल मिलाकर 14 बंगलों का निर्माण किया गया है। नई सरकार बनने के बाद सीएम तथा मंत्रियों के यहां पर शिफ्ट होने की चर्चा थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से यहां पर शिफ्टिंग नहीं हो पाई। अब मंत्री श्री नेताम के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद यहां के बंगले आबाद होने शुरू होंगे। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों के सभी बंगले 2-2 एकड़ में बने हैं। निवास और कार्यालय की व्यवस्था अलग-अलग है। सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू करने के बाद अन्य मंत्री भी यहां पर आने को तैयार होंगे।



### अगले साल तक बढ़ेगी बसाहट

सेक्टर-24 में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रियों के आवास गृह और वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का निर्माण 591.75 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। प्लान के मुताबिक, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्री परिषद के सदस्यों के आवास और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास नवा रायपुर में तैयार होने से यहां पर बसाहट अगले साल तक बढ़ेगी। यहां अफसरों के लिए सेक्टर-18 में ऐसे 78 बंगले भी तैयार हो रहे हैं। यहां पर विधानसभा भवन का निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विधानसभा के अफसर और कर्मियों के लिए भी आवासीय परिसर तैयार करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

# घरेलू विवाद से परिवार को बचाना आज के समय में बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुए पति-पत्नी के विवाद का निपटारा कुटुम्ब न्यायालय लोक अदालत नागपुर में हुआ। अमर (परिवर्तित नाम) जो रायपुर के बहुत ही प्रतिष्ठित परिवार से हैं, उनकी पत्नी आवेदिका संध्या (परिवर्तित नाम) ने पति के विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का प्रकरण कुटुम्ब न्यायालय नागपुर में जुलाई 2023 में प्रस्तुत किया था। संयुक्त परिवार में विवाद की वजह से उनकी पत्नी अप्रैल 2023 से अपने पति और दोनों बच्चों से अलग अपने मायके नागपुर में रह रही थी और मामला नागपुर कुटुम्ब न्यायालय पहुंच गया। न्यायालय से नोटिस मिलने के बाद उक्त प्रकरण में अनावेदक पति ने अपने रायपुर के अधिवक्ता भगवानू नायक के साथ कुटुम्ब न्यायालय नागपुर पहुंचकर अपना पक्ष रखा।

दोनों पक्षों की बहस के बाद जनवरी 2024 में नागपुर कुटुम्ब न्यायालय में हुए समझौते के आधार पर अप्रैल 2024 से पति-पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ रायपुर में उनके नए एकल परिवार के निवास में रहने लगे और शनिवार को लोक अदालत नागपुर में प्रकरण समाप्त होकर पति-पत्नी की आधिकारिक रूप से सुलह हो गई और प्रकरण का निपटारा हो गया। इस दौरान अधिवक्ता श्री नायक ने कहा कि घरेलू विवाद से परिवार को बचाना आज के समय में बड़ी चुनौती है। घरेलू विवाद का निपटारा घर, परिवार और समाज में नहीं होने से लोग आसानी से पुलिस थाने और न्यायालय चले जाते हैं। ऐसे में भारतीय न्याय व्यवस्था में लोक अदालत दो पक्षों के मध्य सेतु का काम कर रही है। जहां न किसी की जीत होती है न हार, बल्कि न्याय की जीत होती है।

चाहे मामला लड़ाई झगड़े का हो, लेन देन का हो, संपत्ति का विवाद हो या फिर पारिवारिक विवाद हो, लोक अदालत तेजी से विवाद को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

## खबर संक्षेप



### कन्या शाला में सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया

**दुर्ग।** शास आदर्श कन्या शाला दुर्ग में शिक्षा सप्ताह के सातवें दिन सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं के पालकों को आमंत्रित किया गया शाला की प्राचार्या डॉ श्रीमती कृष्णा अग्रवाल ने इस अवसर पर शाला में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विदुद्यांजली योजना के तहत जन समुदाय से विद्यादान करने हेतु भी निवेदन किया गया तथा छात्राओं के साथ साथ पालकों को भी साक्षर बनाने की मुहिम चल रही है पालकों को बताया गया कि उल्लास नवभारत सर्वे द्वारा निरक्षर जन को साक्षर बनाया जाना सुनिश्चित करने हेतु छात्राओं की सहभागिता आवश्यक है। अब तक लगभग 335 जन को शिक्षकों व छात्राओं द्वारा इस पोर्टल में रजिस्टर किया जा चुका हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। छात्राओं को माता के साथ पौधा लगाने का उद्देश्य उन्हें पौधे से भावनात्मक लगाव उत्पन्न करना है जिससे वे पौधे से जुड़ाव महसूस कर सकें। पूर्णजल संचय को बढ़ावा देने हेतु पालकों को जागरूक किया गया।

### ओडीएफ प्लस में लाने चलाया जा रहा अभियान

**दुर्ग।** जिले के समस्त गांव को ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल श्रेणी में लाने हेतु विभागीय अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत पाटन के कुल 138 ग्राम पंचायतों में से 137 ग्राम ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल की श्रेणी में आ चुके हैं।

पेज 9 का शेष

### अंग्रेजी की ...

कार्यशाला पूरी तरह गैर आवासीय है। बबीता दास ने कहा कि हमें निरंतर अंग्रेजी सीखने का अभ्यास करते रहना चाहिये। इसके लिए हमें अंग्रेजी अखबारों को पढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए। अन्य भाषाओं की तरह इंगलिश को भी बिना संकोच एवं डर के बोलना चाहिये। अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से मास्टर ट्रेनर्स प्राची धुवे की सहभागिता रही। यह प्रशिक्षण पूरी तरह गतिविधियों पर आधारित रहा।

# जनसमर्पण सेवा संस्था ने स्कूल में कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के दुर्ग शहर में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक शाला एवं उसके साथ उस परिसर में चलने वाली लाल बहादुर प्राथमिक शाला, सरदार पटेल आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल में ज़न समर्पण सेवा सँस्था दुर्ग द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया।

पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोजन कराना लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। इसके तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक शाला एवं उसके साथ उस परिसर में चलने वाली लाल बहादुर प्राथमिक शाला, सरदार पटेल आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल में जन समर्पण सेवा सँस्था द्वारा बच्चों को गर्म और स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस दौरान स्कूल के टीचर्स, सँस्था के सदस्य, सँस्था के दानदाता, सहयोगी, वार्ड पार्षद एवं स्कूल प्रबंधन अध्यक्ष मदन जैन और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी भोजन का आनंद लिया। इस आयोजन में सबसे पहले सभी बच्चों को एक साथ बैठाकर स्कूल एवं शिक्षा से जुड़ी बातें बताई गई। स्कूल के पूर्व छात्र योगेन्द्र शर्मा बंटी ने स्कूल के संबंध में जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष एवं पार्षद मदन जैन ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सतेंद्र राजपूत द्वारा सभी उपस्थित शिक्षक अभिवावको को फलदार वृक्ष का वितरण किया। कार्यक्रम में विजय मनहरे, बसंत शर्मा, आशीष मेश्राम, डॉ मानसी गुलाटी, शिक्षा विभाग के डीएमसी सुरेंद्र पांडेय, ईएमसी विवेक शर्मा, नितिन अग्रवाल, सुषमा साहू, प्रीति पंसारी, निर्मल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक स्कूल में कार्यक्रम

### ये है उद्देश्य

जन समर्पण सेवा सँस्था द्वारा आयोजित इस न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग या फिर कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। वहीं न्यौता भोज स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक है।



### पांच सौ बच्चों ने किया भोजन

जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा न्योता भोजन में 3 स्कूल के लगभग पाँच सौ से अधिक बच्चों को भोजन कराया गया। जिसमें पूड़ी, दाल, चावल, पनीर की सब्जी, हरि सब्जी, पापड़, सलाद, मिष्ठान एवं नमकीन खिलाया गया।

## अवसर : जिले के 15 प्रतिशत हितग्राहियों ने अब तक नहीं किया आवेदन

# राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए 15 अगस्त तक मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लगातार राशन कार्ड नवीनीकरण करने मोहलत दिए जाने के बाद भी अब तक जिले के 60 हजार से अधिक हितग्राही सामने नहीं आए हैं। राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को एक और मौका देते हुए नवीनीकरण की तिथि अब 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। अब इसके बाद अगर नवीनीकरण करने से हितग्राही वंचित होंगे तो उन्हें राशन से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

जिले में प्रचलित 4 लाख 71 हजार 524 राशनकार्ड प्रचलित है। इनमें अब तक कुल 4 लाख 1 हजार 798 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें 4 लाख 625 नवीनीकृत राशनकार्ड का पीडीएफ प्रिंट किया जा चुका है। जिले में अभी तक 69 हजार 726 हितग्राहियों ने नवीनीकरण के लिए रुचि नहीं दिखाई है, अब ऐसे हितग्राहियो को राहत देने के लिए राज्य शासन ने आगामी 15 अगस्त तक मोहलत बढ़ाई है। अफसरो के अनुसार पहले जारी किए गए ऑनलाइन वर्जन में सर्वर की समस्या सामने आ रही थी। जिसके चलते ऑनलाइन नवीनीकरण में परेशानियों को देखते हुए राज्य शासन द्वारा नया वर्जन जारी किया गया है, जिसके जरिए हितग्राही राशन कार्ड नवीनीकरण घर बैठे ही कर सकेंगे। इसके लिए हितग्राहियों को पहले वाले एप अनइंस्टाल कर पुनः नया वर्जन इंस्टॉल करना पड़ेगा। खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर का कहना है कि, जनभागीदारी एप का नया वर्जन 4.2 आ गया, जिसे प्ले स्टोर में जाकर इंस्टाल कर नवीनीकरण के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इसके लिए पहले इंस्टाल किए गए जनभागीदारी को अनइंस्टाल करना होगा। तभी जनभागीदारी एप का वर्जन 4.2 इंस्टाल हो पाएगा।

## 25 जनवरी से चल रही नवीनीकरण की प्रक्रिया

**खास बातें**

- नवीनीकरण नहीं होने से पुरानी सरकार की फोटो चल रही
- राशन कार्ड बनाने परिवार हुए अलग, अब नवीनीकरण से परहेज



### लगातार मिल रही मोहलत

संभवत राज्य शासन द्वारा या छठवीं बार मोहल्ला बढ़ाई गई है। नवीनीकरण की प्रक्रिया विधानसभा चुनाव के बाद से जारी है, जो अब तक जारी है। वही अब 15 अगस्त तक कराए जा सकते हैं। नवीनीकरण जिले में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण कार्य सिटीजन एप एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान के डीलर एप के माध्यम से किया जा रहा था। खाद्य नियंत्रक सी.पी. दीपांकर का कहना है कि, शेष बचे 15 प्रतिशत राशनकार्डधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि को 15 अगस्त 2024 तक की अवधि के लिए वृद्धि किए जाने की अनुमति दी गई है।

### भौतिक सत्यापन से परहेज कर रहा विभाग

पिछले लम्बे समय से नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद भी 69 हजार से अधिक हितग्राही अब तक नवीनीकरण करने सामने नहीं आए हैं। अगर प्रशासन द्वारा सभी राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो वास्तविकता कहीं और मिलेगी। बहरहाल खाद्य अधिकारियों का कहना है कि ऐसा कोई आदेश राज्य शासन द्वारा जारी नहीं किया गया है। जिसके मुताबिक राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य पुनः प्रारंभ हो गया है। राशनकार्ड नवीनीकरण न करवा पाने वाले राशनकार्डधारियों से उन्होंने अपील की है कि, वे निर्धारित तिथि के पूर्व आवश्यक रूप से अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण करवा लें, जिससे उन्हें लगातार खाद्यान्न एवं राशनकार्ड के अंतर्गत प्राप्त होने वाली अन्य सुविधाएं प्राप्त होती रहें।

**मोहलत बढ़ी**

जिले के राशन कार्ड धारी को राज्य शासन ने आगामी 15 अगस्त तक नवीनीकरण कराने मोहलत बढ़ाई है। अब तक जिले के 69 हजार से अधिक लोगों ने नवीनीकरण नहीं कर है।
-सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक, दुर्ग

# गरीबी के अभाव में पढ़ने से न रहे वंचित : जागेश्वर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- जिला साहू संघ की वार्षिक आम सभा

जिला साहू संघ दुर्ग की वार्षिक आम सभा का आयोजन जिला साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग आयोजित किया गया। स्वागत भाषण जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू द्वारा दिया गया। तत्पश्चात वर्षिक आम सभा मे पिछले वर्ष के आय व्यय व ऑडिट रिपोर्ट का ब्यौरा कोषाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा एवं संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि शासन द्वारा आबंटित 2.32 एकड़ की जमीन का पट्टा मिल चुका है एवं जल्द ही रजिस्ट्री भी हो जाएगी। जिसमे सामाजिक भवन का निर्माण किया जाएगा। मृत्यु भोज में सादा भोजन का नियमित रूप से पालन होना चाहिए, जिससे सामाजिक समरसता बनी रहे। पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि समाज के कोई भी प्रतिभावान बच्चे गरीबी के अभाव में पढ़ने से वंचित न रहे समाज उसके लिए हरसंभव मदद करे। जिला साहू संघ के सलाहकार भीखम साहू, प्रदेश साहू संघ के सलाहकार रमेश साहू प्रदेश महामंत्री लखन साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष रागिनी साहू ने भी संबोधित किया। समाज के वरिष्ठ आजीवन सदस्य डॉ लल्ला साहू, सोहनलाल साहू, रूखमणी साहू एवं अन्य वरिष्ट जन का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान तथा प्रतिभावान छात्रों जो बोर्ड में मेरिट स्थान पाये उनका भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश साहू महासचिव द्वारा किया गया एवं आभार दिव्या कलिहारी द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में अश्वनी साहू प्रदेश प्रतिनिधि, प्रचार सचिव टी आर साहू, लालसिंग साहू, जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, समन्वयक यतीश साहू, तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अजय चौधरी, कार्यालय सचिव चंद्रकांत, न्याय प्रकोष्ठ देवेंद्र साहू, प्रमोद साहू, शोभाराम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, चंद्रकांत साहू, नवीन साहू, लालन साहू, बिट्टू साहू आदि उपस्थित थे।

# विकास कार्यों की प्रगति देखने आयुक्त निकले नया बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- नाली निर्माण के कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ नया बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी को नाली निर्माण के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने नया बस स्टैंड के भीतर वाटर कूलर की मरम्मत करवाने कहा ताकि आने जाने वाले यात्रियों को शुद्ध पानी मिल सके। नया बस स्टैंड के सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में बरसात का पानी भरे होने के कारण आने जाने वालों को हो रही असुविधा को देखते हुए उन्होंने तत्काल अधिकारियों को सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों किनारे लगे पोल में बंद लाइटों को शीघ्र बदलने की बात कही। निरीक्षण के समय नया बस स्टैंड में गन्दगी होने पर दोनों पालियों में सफाई के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने दुकानदारों को समझाइश दिया कि नाली एवं सड़कों में गंदगी न फैलाएं, गंदगी फैलाकर नाली जाम न हो, ऐसा करते पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाही की जायेगी।



# जिले में 12 से 18 जुलाई तक रोपे गए 107846 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 12 जुलाई से 18 जुलाई तक वृक्षारोपण का सघन अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम अंजोरा से किया गया, जिसमें जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई गई। उनके नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के तहत बेटियों के नाम पर वृक्षारोपण ''सेल्फी विथ लाडो'' व ''सेल्फी विथ मां'' का आयोजन भी किया गया। अभियान अंतर्गत दुर्ग जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका के साथ ही समुदाय की महिलाओं एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जन-जागरुकता लाने के लिए ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' अभियान एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके तहत 107846 पौधे रोपे गए।

# प्रशिक्षण लेकर स्कूलों में विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों की देंगे जानकारी, करेंगे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- शिक्षा विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

संभाग स्तरीय शिक्षा विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें तंबाखू के नशे से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में एवं तंबाकू उत्पादों से होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।



उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ आरके खण्डेलवाल, ज़िला नोडल अधिकारी डॉ शिल्पा जैन प्रोफेसर, दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर ज़िला कार्यक्रम अधिकारी संदीप ताम्रकार एवं एनटीसीपी कार्यक्रम के काउंसलर ललित कुमार साहू व सोसल वर्कर कविता ताम्रकार के द्वारा जिला चिकत्सालय में संचालित तम्बाकू मुक्ति केन्द्र की जानकारी दी। साथ ही दुर्ग संभाग के समस्त ज़िलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में डॉक्टर खंडेलवाल जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाली बीमारी एवं होने वाले नुकसान को बताने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी अतः उन्होंने सभी शिक्षकों से निवेदन किया कि बच्चों को तंबाकू एवं अन्य नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर संदीप ताम्रकार डीपीएम स्वास्थ्य विभाग ने शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलने वाले समस्त कार्यक्रमों में अपने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु सतत निगरानी रखने की बात कही। साथ ही चिरायु कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन गोली खिलाने, बच्चों के आंख की जांच इत्यादि कार्यक्रम सहित 104 स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में डॉ शिल्पा जैन राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर द्वारा तंबाकू से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जानकारी दी और तंबाकू की लत को कैसे छोड़े इस पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही राज्य लीगल सलाहकार ख्याति जैन के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के सभी प्रमुख धाराओं के बारे में जानकारी दी।

उसी प्रकार डॉक्टर शैलेंद्र मिश्रा राज्य समन्वयक के द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में पुण जानकारी दी गई। साथ ही विलेश रावत द्वारा ज़िले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों तंबाकू मुक्त कैसे किया जाए, साथ ही छात्रों को नशे की आदतों से कैसे बचाये और भारत सरकार के सभी दिशानिर्देशों का पालन कैसे किया जाए इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## पर्यावरण रक्षा के लिए प्रकृति दर्शन का आयोजन

# पालकों के साथ शिक्षक व छात्रों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- मिशन फार लाइफ इको क्लब का आयोजन

बी-आर जे. शासकीय आदर्श कन्या शाला दुर्ग में शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत 'मिशन फॉर लाइफ इको क्लब दिवस का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। इस आयोजन में समुदाय की सहभागिता निर्धारित करने के उद्देश्य से बालिकाओं के माता पिता को भी आमंत्रित किया गया।

एक पेड़ माँ के नाम' जो माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है, में माताओं के द्वारा विद्यालय परिसर में हरसिंगार के पौधों की आरोपण किया गया। पालकों के द्वारा अति उत्साह से शिक्षकों व छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया गया। साथ ही समाज के बुजुर्गो के द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली गई तथा प्रकृति को हरा भरा रखने की जिम्मेदारी लेने एवं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए स्वयं के साथ साथ समाज को भी जागरुक करने का बीड़ा उठाने की शपथ ली गई।



### खुद को स्वच्छ रखने की दी सीख

छात्राओं को स्वच्छ रहने, समय पर शाला आने, बाल, नाखून आदि को स्वच्छ रखने, वस्त्रों को साफ सुथरा रखने विद्यालय परिसर एवं कक्षा को साफ सुथरा रखने की समझाइश भी बैठक में प्राचार्य डॉ कृष्णा अग्रवाल द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि, स्वस्थ समाज का निर्माण तभी सम्भव है, जब भावी पीढ़ी इसके महत्व को समझे। विद्यालय में पोषण वाटिका का निर्माण भी यूथ इकों के कारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वाति महापात्र प्रभारी इको क्लब, एस चन्द्ववंशी, एस राजौरिया, एस अग्रवाल मौजूद थे। पालकों में जागृति देवांगन, भूपेन्द्र महीर, अश्विनी देवांगन आदि पालकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## सांगली में मना सामुदायिक भागीदारी दिवस

**गुरूर।** ग्राम सांगली में सामुदायिक भागीदारी दिवस और उल्लास कार्यक्रम के साथ शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच नम्रता उज्ज्वल साहू एवं उप सरपंच तुलज राम साहू ने बच्चों को न्योता भोज कराया। इसमें खीर, पूड़ी एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पंच भारत सोनवानी, देवलाल पटेल, रूखमणी साहू, जानकुंवर साहू, संतोषी बैशाखी, ढ़ाल सिंह साहू, शिक्षक प्राथमिक शाला परस गजेन्द्र, उमेश अमरिया, घनेश्वरी साहू, भारती साहू, डीके साहू, लीलाराम सिन्हा, छत्रपाल साहू तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## निषाद समाज जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने वीरेंद्र

**अंडा।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन के



अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद के नेतृत्व व समस्त जिला संगठन के पद अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव कर जिला संगठन में मीडिया प्रभारी अतिरिक्त पद पर ग्राम कोटनी निवासी वर्तमान जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद को नियुक्त किया गया है। वहीं, अखिल भारतीय मछुआरा समाज समन्वय समिति तथा छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज एवं जिला संगठन व अंजोरा परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी बुधारुराम निषाद सालिक राम निषाद संतोष जलतरे रमाअधीन निषाद ओमप्रकाश निषाद खिलावन निषाद एवं प्रदेश, जिला संगठन समस्त परिक्षेत्र सर्व समाज प्रमुखों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**अंडा।** श्री विष्णुधाम महायज्ञ ओटेबंद में सावन सोमवार व्रत भोलेनाथ की असीम कृपा पाने और उन्हें प्रसन्न करने के लिए बेहद विशेष महत्व वाला माना जाता है। इस साल सावन की शुरुआत ही सोमवार से हुई थी और इसका समापन भी सोमवार के दिन ही होगा। इस बार श्रावण में 5 सावन सोमवार व्रत हैं, जिसकी वजह से भी सावन का महीना महत्वपूर्ण है। सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को था, शिव पुराण के अनुसार, सावन का महीना शिव जी को सबसे प्रिय है। ऐसे में जो भक्त सावन में महादेव की पूजा करता है और सोमवार के दिन व्रत रखता है, उससे महादेव प्रसन्न होते हैं और उसे सुखी जीवन का आशीर्वाद देते हैं।

## पूर्व माध्यमिक शाला हीरापुर में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 4 साल पूरा होने की खुशी में सभी स्कूलों में शिक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के छठवें दिन पूर्व माध्यमिक शाला हीरापुर में यूथ एंड इको क्लब के माध्यम से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक अजयनाथ योगी, मानिकपूरी, नायक, रामटेके, रितु एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से चंद्रकली साहू एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

## छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** स्कूली छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करन का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया।स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि तरिया पार विनोबा नगर जुनवानी निवासी चुम्मन लाल साहू 16 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चुम्मन के पिता शिव प्रकाश साहू स्कूल में माली का काम करते है। मां सुरेखा साहू टेलरिंग का काम करती है। चुम्मन रात को खाना

### आयोजन : आम लोगों के साथ पार्षदों ने भी दिया आवेदन, बताई समस्या

# टाउन हॉल में लगा जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खमरिया

वार्ड नंबर 3 व 4 के लिए टाउन हॉल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का निराकरण करना है, लेकिन प्लेसमेंट कर्मचारियों के सहारे जन समस्या निवारण शिविर चल रहा है, सक्षम अधिकारी कोई भी नहीं रहते। मात्र एक राजस्व विभाग पटवारी टीकम देवांगन के अलावा सूचना पर पहुंचे प्रकाश यादव तहसीलदार पूरे अंतिम समय तक लगे रहे। किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया। सभी के आवेदन को ध्यानपूर्वक देखा, निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि समाधान शीघ्र ही निकाला जाएगा। लेकिन, नगर पंचायत के अधिकारी इस ओर गंभीर नहीं है। सत्ता परिवर्तन के 6 माह होने जा रहे हैं नगर पंचायत में अभी भी बदलाव नहीं दिख रहा है। वही मनमाना रवैया ही अपनाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। शिविर के दौरान वार्ड क्रमांक तीन की पार्षद सोनिया जोशी प्रतिनिधि सतीश जोशी ने नाली सफाई का आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्षों से नगर पंचायत द्वारा नाली सफाई नहीं कराई गई है और कोई सुनवाई नहीं होती। वहीं, काफी परेशान दिखे वार्ड नंबर 4 पार्षद मनीष सेन ने विद्युत ट्रांसफार्मर विद्युत खंभे का उल्लेख किया। साथ ही विष्णु जोशी ने भी आवेदन दिया। दीपक बंसल ने आवेदन में कहा है कि हरिश सेन मकान के बाजू गली वाली नाली रोड से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। वार्डवासी आसपास के दुकानदार अपने दुकान के कचरे को भी उसी गली में फेंक देते हैं। नगर पंचायत द्वारा सूचना बोर्ड भी लगाया गया था, उसको भी आग के हवाले कर दिया गया। जबकि अभी तक किसी के प्रति कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं कचरे के कारण मच्छर मलेरिया का प्रकोप वार्ड में बढ़ रहा है।

■ शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 21 आवेदन मिले




### महात्मा गांधी की प्रतिमा के पीछे प्रसाधन, डाला जा रहा कचरा

वार्ड चार में ही व्यावसायिक परिसर के पीछे महात्मा गांधी मूर्ति के पीछे मूत्रालय घर बना दिया गया है। यहां दुकानदारों व होटल वालों के द्वारा नाली में कचरा डाला जा रहा है। लोगों का कहना है कि खम्हरिया नगर पंचायत जन समस्या पखवाड़ा के नाम से फॉर्मेलिटी निभा रही है। नगरी प्रशासन विभाग ने नगरी निकायों में अधिकारियों को मौजूद रहकर समस्या का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करने का सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जन समस्या निवारण के दौरान तहसीलदार प्रकाश यादव, अनिल सिंघानिया, पटवारी टीकम देवांगन पार्षद मनीष सेन, सतीश जोशी, हुकुम सिंह कन्हैया निर्मलकर ,कमलेश शर्मा, अनिल यादव एवं राजाराम सहित अन्य आवेदक उपस्थित थे।

## ओबीसी महासभा के ब्लाक अध्यक्ष बनाए गए हितेंद्र



**बेमेतरा।** ओबीसी महासभा की जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय स्थित साहू छात्रावास में ओबीसी महासभा के पंचम साहू की अध्यक्षता में हुई।



बैठक में आगामी अगस्त को होने वाले मंडल दिवस सहित ओबीसी महासभा की जिले एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का मनोनयन तथा संगठन की सशक्तता और सार्थकता, संवैधानिक अधिकार के तहत संख्या के अनुपात में 27 प्रतिशत प्रतिनिधित्व के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक,शैक्षणिक व राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए हितेंद्र सिन्हा बनाये गए ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला का कोषाध्यक्ष्य दीना साहू जहां बनाया गया वही आनंद साहू मीडिया प्रभारी, रामसहाय वर्मा सलाहकार, महेश्वर श्रीवास, माधो साहू, मोती दास मानिकपुरी, नरोत्तम साहू, रामकुमार साहू, मारकंडे साहू कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया एवं सीताराम यदु विकाखण्ड बेमेतरा का उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। ओबीसी महासभा के प्रदेश इकाई अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशन पर 10 अगस्त शनिवार बीपी. मंडल जयंती व नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में रोमन लाल जायसवाल, नानक राम साहू, राजू देवांगन, रामबिलास निषाद, दिनेश गंगबेर, कमलेश साहू, सहदेव साहू मुख्य रूप से शामिल रहे।

# बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए प्रेरित करते रहें : घृतलहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश का बेमेतरा विकासखण्ड की 5 दिवसीय कार्यशाला के प्रथम चरण में कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी भवन बेमेतरा और डाइट बेमेतरा दोनों जगह एक साथ किया जा रहा है। बीआरसी भवन बेमेतरा में आयोजित प्रशिक्षण में डीआरजी दुर्गाशंकर पटेल एवं अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से साकेत बिहारी उपस्थित रहे।

■ बेमेतरा में विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश कार्यशाला जारी

यहाँ 65 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारंभ डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्रद्धा तिवारी ने किया। डाइट के प्राचार्य श्री घृतलहरे ने स्पोकन इंग्लिश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजी बोलना अब बहुत सरल हो गया है।

उन्होंने 8 स्टेप्स की जानकारी देते हुए कहा कि, इनका पालन करने से आप अंग्रेजी बड़ी आसानी से बोलना सीख सकते हैं। इनमें पहले बोलना, दूसरा अपनी बातचीत पर विचार करना, तीसरा सुनो और पढ़ो, चौथा नोटशीट तैयार करना, प्लानिंग करना, पांचवा फोन का उपयोग करना है, छठवां आवाज को रिकॉर्ड करना, सातवां एकल शब्दों के बजाय वाक्यांश से बोलना सीखें और आठवाँ आनंद के साथ जीना।

### निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहें : शर्मा

कार्यशाला में डीआरजी धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमें निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। साथ ही साथ बच्चों को नया सीखने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहना चाहिये। मास्टर ट्रेनर्स पुष्कर भोंसले ने कहा कि हमें अन्य भाषाओं की तरह अंग्रेजी को भी बिना संकोच एवं डर के बोलना चाहिये। अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से मास्टर ट्रेनर्स श्रेया दुबे ने स्पोकन इंग्लिश के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस अवसर पर डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, प्रशिक्षण की प्रभारी श्रद्धा तिवारी सहित 65 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# समर्पण व त्याग का प्रतीक है भगवा : अभय

**बेमेतरा/थान खमरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। दुर्ग प्रांत प्रचारक अभय कुंभकार थान खमरिया स्वयंसेवकों ने संघ की शाखा में उत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया।



कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पूजा आरती कर की गई। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता अभय कुमार दुर्ग प्रांत प्रचारक, अध्यक्षता राकेश जोशी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में भगवा ध्वज को गुरु मानकर नमन एवं प्रणाम किया गया। प्रांत प्रचारक ने अपने संबोधन में कहा कि पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं, उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बिंदु से लेकर सारी सृष्टि को चलाने वाली अनंत शक्ति जो परमेश्वर तत्व है, उनके जीव के साथ क्या सहज संबंध है, इन बातों को जिनके चरणों में बैठकर समझने की अनुभूति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवा ध्वज त्याग का प्रतीक है। अपने राष्ट्र जीवन तथा मानव जीवन के अनेक इतिहासों का साक्षी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक की शाखाओं को घर-घर गांव-गांव तक पहुंचाने का बात कही। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, मुख्य शिक्षक जगराखन मण्डावी विशेष रूप से विभाग कार्यवाहक संजय पांडे, जिला कार्यवाहक गंगाधर यादव, कार्यवाहक नागेश्वर साहू, प्राचार्य लखन लाल साहू, आचार्य विश्वनाथ साहू, जितेन साहू, तोरण साहू राजेश यादव, राजेश पटेल उपस्थित थे।

# कलंगपुर में हुई विकासखंडस्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

सोमवार को गुण्डरदेही विकासखंड स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता रग्बी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में हुई। मौसम की प्रतिकूलता एवं खेल मैदान में कीचड़ के बावजूद विकासखण्ड के 5 विद्यालयों के बच्चों की उपस्थिति में खेलकूद हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे थे। उनके साथ प्रभारी प्राचार्य डीएल साहू, डीके साहू, वाईके साहू, आरएन साहू, एस सिंघारे, एचएल साहू, केएल कुर्रे उपस्थित थे।





अतिथियों का बच्चों द्वारा स्वागत किया गया तथा खेलकूद का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागी शाला कलंगपुर, गोरकापार, माहुद बी, सकरौद, स्काई हाइट गुण्डरदेही, स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

बीएसओ टीआर साहू हायर सेकेंडरी कलंगपुर के मार्गदर्शन में रग्बी प्रतियोगिता संपन्न हुआ, सहायक बीएसओ देवीलाल साहू, व्यायाम शिक्षक उदय निषाद, दुष्यंत कुमार साहू, ढाल सिंह, चोवा राम सेन, प्रेम नारायण, गजेंद्र साहू, सिद्धांत रेड्डी, कार्तिक निषाद का विशेष सक्रिय योगदान रहा। चयनित प्रतिभागी जिला स्तर के प्रतियोगिता में 1 अगस्त को जिला बालोद में भाग लेंगे।

# स्कूलों में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चौथी वर्षगांठ पूर्ण होने पर सभी विद्यालयों में 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मरदेल विकासखंड डौंडी जिला बालोद के संस्था प्रमुख के के सोनवानी ने बताया कि प्रतिदिन विद्यालय में अलग-अलग थीम पर गतिविधियां कराई गईं। साथ ही साथ फोटो और वीडियो भी अपलोड किया गया। मोना रावत ने बताया कि 22 तारीख टीएलएम दिवस, 23 तारीख एफएलएन दिवस, 24 तारीख खेल दिवस, 25 तारीख सांस्कृतिक दिवस, 26 तारीख कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस, 27 तारीख को संस्था में यूको क्लब का गठन, सीड बॉल बनाने का कक्षा प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम थीम पर कार्य किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद सदस्य रमिता मरकाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह भारद्वाज संकुल समन्वयक भूषण लाल कुंजाम संस्था के शिक्षक टीएल देशमुख, हरिशंकर नरेटी व भृत्य श्याम चरण यादव उपस्थित थे। शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिवस 28 जुलाई को सामुदायिक भागीदारी दिवस मनाया गया। शिक्षक टीएल देशमुख ने शाला प्रबंधन समिति एवं समुदाय के सदस्यों को शाला में होने वाले क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया । शिक्षिका मोना रावत ने बताया कि समुदाय कैसे शाला में अपनी भागीदारी दे सकता है और साथ ही साथ बच्चों के अध्यापन कार्य पर भी फोकस किया गया ।संस्था में शिक्षक, बच्चे और जनपद सदस्य रमिता मरकाम उपस्थित थे । शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शिक्षकों को फलदार पौधे भेंट किए। अंत में न्यौता भोज कार्यक्रम रखा गया ।




# पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष चुने गए उत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में पालक सलाहकार समिति का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए उत्तम कुमार यदु को मनोनीत किया गया, उपाध्यक्ष के पद पर शिवेंद्र बहादुर साहू व चित्रलेखा टंडन मनोनीत किए गए। साथ ही सदस्य के रूप में एम.आर. भंडारी,डूपले साहू, पीला लाल देशमुख, भानु प्रताप पटेल, खिलावन ठाकुर ,अमित कुमार सिन्हा ,परम साहू ,गौतम सिन्हा,बलदेव यादव, शिल्पा जोगी, एम ए आर खान ,निर्मला जगनायक को चुना गया। पदाधिकारी चुने जाने पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन ,उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन ,मिश्रीलाल जैन ,संदीप जैन, श्रीमती प्रभा जैन, शाला के प्रबंधक हीराचंद राखेचा प्राचार्य,साईनी मैथ्यूज, प्रधान पाठिका,श्रीमती नोम साहू , वीके साहू, अनिल थॉमस आदि ने बधाई दी है।



# कई वार्डों में पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डो में पानी की समस्या यथावत है। वार्डवासियों द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी वार्ड पार्षद से लेकर पालिका के जल विभाग और नगर पालिका के जिम्मेदार शहरवासियों की पेयजल समस्या को दूर करने कोई सुध नहीं ले रहे हैं।

जिम्मेदारों की गैरजिम्मेदाराना कार्य और लापरवाही इसी बात से लगाया जा सकता है जब वार्डो में नल से पानी नहीं आने पर शिकायत की जाती है, तो जिम्मेदारों द्वारा मोबाइल बंद कर दिया जाता है या फोन नहीं उठाते हैं। शहरवासियों द्वारा समय पर जल कर की राशि पालिका में जमा किया जाता है, यही नहीं समय पर जल कर की राशि नहीं पटाने पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। उसके बाद भी शहरवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।




बीते दिनों शहर के अधिकांश वार्डों में करीब 2–3 दिनों तक नलों में पानी नहीं आने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वहीं, रविवार और सोमवार को शहर के वार्ड नं 6 व 7 में वार्डवासियों के घरों में पानी नहीं आने से वार्डवासियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा। जानकारी के अनुसार मोटर पंप खराब हो जाने के कारण इन वार्डों में पानी नहीं पहुंचा। वार्डवासियों द्वारा लगातार शिकायत के बाद पालिका ने पानी टैंकर को सुबह 10 बजे वार्ड में भेजा जिसके बाद वार्डवासियों ने पानी भरा।




